14 फरवरी 2013

जिला प्रशासन का गांव बलवंती (खण्ड कैथल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 12 लाभार्थियों को 1 लाख 63 हजार रूपए धनराशि के चैक प्रदान किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 156 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 10 डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मुहिम के अंतर्गत बलवंती के रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान गांव में 249 पानी के कनैक्शन जारी किऐ गए।

5. श्री ओमप्रकाश जिंदल जन कल्याण संस्थान द्वारा 158 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

6. आयुष विभाग द्वारा 91 व्यक्तियों को स्वास्थ्य जांच के उपरान्त दवाई दी गई।

7. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा ड्राइविंग लाइसैंस के लिए 159 व्यक्तियों का मैडिकल चैकअप किया गया।

8. पशुपालन विभाग द्वारा 486 पशुओं का उपचार किया गया।

9. तहसील कार्यालय द्वारा 23 रिहायशी प्रमाण पत्र बनाए गए।

10 उपायुक्त ने स्कूल की चार दिवारी के निर्माण तथा मैदान में मिट्टी के भरत के निर्देश दिए।

11. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर मे तैनात चिकित्सों द्वारा 396 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें से 73 सामान्य ओपीडी तथा 68 व्यक्तियों के दातों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त 8 व्यक्तियों का ब्लड शुगर, 62 व्यक्तियों का एचआईवी तथा 27 व्यक्तियों का होमोग्लोबीन टैस्ट किया गया। वृद्धावस्था पैंशन भत्ता के लिए 118 व्यक्तियों की जांच की गई तथा 18 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

12. उपायुक्त ने गांव के राजकीय विद्यालय के 153 छात्रों को बैग वितरित किए, एमबीए पास कुसुम लता को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए, खो—खो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 9 खिलाड़ियों, बैंगलोर मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिताओं मे स्र्वण पदक प्राप्त करने वाले सुरेंद्र कुमार तथा देश की सीमाओं पर राष्ट्र की रक्षा करने वाले सेवा निवृत गुगन राम को सम्मानित किया गया।